नवोदय (Navodaya)

दिनाँक (Dated): 17-06-2024	पृष्ठ सं० (Page No). 09	क्रम सं०(Serial No.) 1

हवाईअड्डे पर कच्चे हीरे छिपाने के आरोप में यात्री को पकड़ा

सूरत,16 जून (एजैंसी): दुबई जाने वाले एक भारतीय यात्री को सूरत हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी.आई. एस.एफ.) के कर्मियों ने 2 करोड़ रुपए से अधिक कीमत के कच्चे हीरे छिपाने के आरोप में पकड़ा है।

अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे जब संजयभाई मोराडिया नामक यात्री इंडिगो एयरलाइंस की अंतर्राष्ट्रीय उड़ान पकड़ने से पहले सुरक्षा जांच से गुजर रहा था उसे उस दौरान ही रोक लिया गया।